**भारत सरकार**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 861**
**गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**विमानपत्तन अवसंरचना का विकास**

**861. श्री विनोद लखमशी चावड़ाः**
**श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादवः**
**श्रीमती लवली आनंदः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) देश में वर्तमान में चालू विमानपत्तनों, हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम की कुल संख्या कितनी है और गत दस वर्षों के दौरान इनकी वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2024-25 के दौरान कितने प्रचालनात्मक हवाई मार्ग हैं और कुल कितने यात्रियों ने यात्रा की है;

(ग) सरकार द्वारा आज की तिथि तक आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए क्या ठोस उपाय किए गए हैं;

(घ) वैश्विक मानकों को पूरा करने के लिए टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देश में विमानपत्तन अवसंरचना के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए सरकार द्वारा क्या नवीनतम पहलें की गई हैं; और

(ङ) एयरलाइंस को प्रदान की गई व्यवहार्यता अंतराल निधियन (वीजीएफ) का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क)**:** भारत के विमानन उद्योग ने पिछले दशक में महत्वपूर्ण वृद्धि का अनुभव किया है। देश में प्रचालनरत हवाईअड्डों की संख्या वर्ष 2014 में 74 से दोगुनी होकर वर्ष 2025 में 164 हो गई है। इस विस्तार में योगदान देने वाला प्रमुख कारक, क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाने और हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए वर्ष 2016 में शुरू की गई क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उडान) है।

(ख)**:** वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अनुसूचित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के माध्यम से कुल 23.96 करोड़ यात्रियों (16.55 करोड़ घरेलू यात्री + 7.41 करोड़ अंतरराष्ट्रीय यात्री) ने यात्रा की है। अनुमोदित अनुसूची के अनुसार शीतकालीन अनुसूची-2024 और ग्रीष्मकालीन अनुसूची-2025 की राज्यवार कनेक्टिविटी **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

(ग) से (ङ) **:** क्षेत्रीय हवाई यात्रा की वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए उड़ान योजना क्षेत्रीय मार्गों पर एयरलाइन प्रचालकों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है जिसमें एयरलाइन प्रचालन लागत को कम करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों और हवाईअड्डे के प्रचालकों द्वारा रियायतें और ऐसे मार्गों पर परिचालन लागत और अपेक्षित राजस्व के बीच के अंतर को पाटने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) शामिल हैं। आरसीएस सीटों

पर हवाई किराया जिस पर चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को वीजीएफ प्रदान किया जाता है, 3 साल की अवधि के लिए होता है और यह एक रियायती दर पर सीमित है, जिसे हर तिमाही में सूचकांकित किया जाना आवश्यक है। उपर्युक्त उपायों का उद्देश्य विमानन क्षेत्र में वहनीयता, पहुंच और समग्र यात्री सुविधा को मजबूत करना है, जिससे क्षेत्रीय विकास और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सके। चयनित एयरलाइन प्रचालकों की सहायता के लिए 4352/- करोड़ रुपये की वीजीएफ राशि वितरित की गई है।

मौजूदा हवाईअड्डों पर अवसंरचना सुविधाओं का आधुनिकीकरण और विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) या संबंधित हवाईअड्डा प्रचालक/विकासकर्ता द्वारा यातायात की मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, विमान प्रचालन की संरक्षा के लिए परिचालन आवश्यकताओं और एयरलाइनों की मांग के आधार पर किया जाता है।

अनुलग्नक I

## राज्यवार हवाई संपर्क – शीतकालीन कार्यक्रम 2024

| क्रम संख्या | राज्य | हवाई संपर्क वाले शहरों के नाम | हवाईअड्डों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **राज्य** | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | राजमुंदरी, तिरुपति, विजयवाड़ा, विजाग, कडप्पा, कुरनूल | 6 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | पासीघाट, तेज़ू, ज़ीरो, होल्लोंगी | 4 |
| 3 | असम | डिब्रूगढ़, गुवाहाटी, जोरहाट, लीलाबाड़ी, सिलचर, रूपसी | 6 |
| 4 | बिहार | गया , पटना, दरभंगा | 3 |
| 5 | छत्तीसगढ | रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर | 3 |
| 6 | दिल्ली | दिल्ली | 1 |
| 7 | गोवा | गोवा, मोपा (नया गोवा) | 2 |
| 8 | गुजरात | अहमदाबाद, भुज, जामनगर, हीरासर, सूरत, वडोदरा, कांडला, केशोद, भावनगर | 9 |
| 9 | हरियाणा | - | 0 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | धर्मशाला, कुल्लू, शिमला | 3 |
| 11 | झारखंड | रांची, देवघर, जमशेदपुर | 3 |
| 12 | कर्नाटक | बैंगलोर, बेलगाम, मैंगलोर, हुबली, विद्यानगर, मैसूर, गुलबर्गा, शिवमोगा | 8 |
| 13 | केरल | कोचीन, त्रिवेंद्रम, कन्नूर, कोझिकोड | 4 |
| 14 | मध्य प्रदेश | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो | 5 |
| 15 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद, मुंबई, नागपुर, पुणे, नासिक, कोल्हापुर, शिरडी, नांदेड़, सिंधुदुर्ग, गोंदिया, जलगाँव | 11 |
| 16 | मणिपुर | इम्फाल | 1 |
| 17 | मेघालय | शिलांग | 1 |
| 18 | मिजोरम | आइज़ोल | 1 |
| 19 | नागालैंड | दीमापुर | 1 |
| 20 | उड़ीसा | भुवनेश्वर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, जयपोर, उत्केला | 5 |
| 21 | पंजाब | अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना, जालंधर | 4 |
| 22 | राजस्थान | जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, किशनगढ़ | 6 |
| 23 | सिक्किम | - | |
| 24 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै, त्रिची, तूतीकोरिन, सेलम | 6 |
| 25 | तेलंगाना | हैदराबाद | 1 |
| 26 | त्रिपुरा | अगरतला | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | उत्तर प्रदेश | आगरा, अयोध्या, प्रयागराज, गोरखपुर, लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, हिंडन, बरेली, आजमगढ़, चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती | 14 |
| 28 | उत्तराखंड | देहरादून, पंत नगर, पिथौरागढ़ | 3 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | बागडोगरा, कोलकाता, दुर्गापुर, कूचबिहार | 4 |
| **केंद्र शासित प्रदेश** | | | |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | पोर्ट ब्लेयर | 1 |
| 2 | लक्षद्वीप द्वीप समूह | अगाती | 1 |
| 3 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 1 |
| 4 | दादरा और नगर हवेली | - | |
| 5 | दमन और दीव | दीव | 1 |
| 6 | पुदुचेरी | पांडिचेरी | 1 |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, श्रीनगर | 2 |
| 8 | लद्दाख | लेह, | 1 |
| | | | |
| **अनुसूचित घरेलू वाहकों से जुड़े शहरों की संख्या** | | | 124 |

अनुलग्नक II

## राज्यवार हवाई संपर्क – ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 2025

| क्रम संख्या | राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश | हवाई संपर्क वाले शहरों के नाम | हवाईअड्डों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **राज्य** | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | कडप्पा, कुरनूल, राजमुंदरी, तिरुपति, विजयवाड़ा, विजाग, | 6 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | होल्लोंगी, पासीघाट, तेजु, ज़ीरो, | 4 |
| 3 | असम | डिब्रूगढ़, गुवाहाटी, जोरहाट, लीलाबाड़ी, सिलचर | 5 |
| 4 | बिहार | दरभंगा, गया, पटना | 3 |
| 5 | छत्तीसगढ | अंबिकापुर, बिलासपुर, जगदलपुर, रायपुर | 4 |
| 6 | दिल्ली | दिल्ली | 1 |
| 7 | गोवा | गोवा, मोपा (नया गोवा) | 2 |
| 8 | गुजरात | अहमदाबाद, भावनगर, भुज, हीरासर, जामनगर, कांडला, केशोद, पोरबंदर, सूरत, वडोदरा | 10 |
| 9 | हरियाणा | - | 0 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | धर्मशाला, कुल्लू, शिमला | 3 |
| 11 | झारखंड | देवघर, जमशेदपुर, रांची | 3 |
| 12 | कर्नाटक | बैंगलोर, बेलगाम, बीदर, हुबली, गुलबर्गा , मैंगलोर, मैसूर, शिवमोगा, विद्यानगर | 9 |
| 13 | केरल | कोचीन, कन्नूर, कोझीकोड, त्रिवेंद्रम | 4 |
| 14 | मध्य प्रदेश | भोपाल, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो, रीवा | 7 |
| 15 | महाराष्ट्र | औरंगाबाद, गोंदिया, जलगाँव, कोल्हापुर, मुंबई, नागपुर, नांदेड़, नासिक, पुणे, शिरडी, सिंधुदुर्ग, सोलापुर | 12 |
| 16 | मणिपुर | इम्फाल | 1 |
| 17 | मेघालय | शिलांग | 1 |
| 18 | मिजोरम | आइज़ोल | 1 |
| 19 | नागालैंड | दीमापुर | 1 |
| 20 | उड़ीसा | भुवनेश्वर, जयपोर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, उत्केला | 5 |
| 21 | पंजाब | अमृतसर, बठिंडा, जालंधर, लुधियाना | 4 |
| 22 | राजस्थान | बीकानेर, जयपोर, जैसलमेर, जोधपुर, किशनगढ़, उदयपुर | 6 |
| 23 | सिक्किम | पाक्योंग | 1 |
| 24 | तमिलनाडु | चेन्नई, कोयंबटूर, मदुरै, सेलम, त्रिची, तूतीकोरिन, | 6 |
| 25 | तेलंगाना | हैदराबाद | 1 |
| 26 | त्रिपुरा | अगरतला | 1 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | आगरा, अयोध्या, अलीगढ़, बरेली, चित्रकूट, गोरखपुर, हिंडन, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, मुरादाबाद, श्रावस्ती, वाराणसी | 13 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | उत्तराखंड | देहरादून, पंत नगर, पिथौरागढ़ | 3 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | बागडोगरा, कूचबिहार, दुर्गापुर, कोलकाता | 4 |
| **केंद्र शासित प्रदेश** | | | |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | पोर्ट ब्लेयर | 1 |
| 2 | लक्षद्वीप द्वीप समूह | अगाती | 1 |
| 3 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 1 |
| 4 | दादरा और नगर हवेली | - | |
| 5 | दमन और दीव | दीव | 1 |
| 6 | पांडिचेरी | पांडिचेरी | 1 |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू, श्रीनगर | 2 |
| 8 | लद्दाख | लेह, | 1 |
| **अनुसूचित घरेलू वाहकों से जुड़े शहरों की संख्या** | | | **129** |

*****